Bareilly, Friday,
10 December 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 04, BOTTOM

रिद्धिमा में सजी सुरों की शाम

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (9 Dec): एसआरएमएस के रिद्धिमा में थर्सडे को इंडीफोक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में गुरुओं ने राजस्थानी, आसामी, उत्तराखण्ड और यूपी से लोक गीतों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को

मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम की शुरुआत राग मांड और राड पहाड़ी से हुई. इसके बाद राजस्थानी अल्लाह जिलाई बाई के प्रसिद्ध लोकगीत पधारो म्हारे देश पर स्नेहाशीष ने प्रस्तुति देकर तालियां बटोरीं. पहाड़ी लोकगीत नैना की माधुली शिवांगी मिश्रा ने अपनी आवाज से सजाया. कार्यक्रम में असम के मनमोहक लोकगीत डोला रे डोला को स्नेहाशीष मिश्रा और इंदु परडल ने अपनी अवाज दी. प्रेम रस को दर्शाते हुए लोकगीत ओ री दइया डॉ रीता शर्मा और शिवांगी ने अपनी आवाज दी. इस अवसर पर ट्रस्ट के चेयरमेन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति मौजूद रहे.